शहीदों की नगरी शाहजहांपुर का पहला राष्ट्रीय दैनिक
शेखर टाइम्स

डीएम व एसपी का जुलूस मार्गों पर फ्लैग मार्च

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एस0 आनन्द ने संयुक्त रूप से आगामी पर्व होली पर छोटे व बड़े लाट साहब के निकलने वाले जुलूस के रूट पर फ्लैग मार्च किया।

जिलाधिकारी ने होली व शब-ए-बारात के त्यौहार को लेकर पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों के साथ फ्लैग मार्च कर रूट को चेक किया। लोगों को होली के त्योहार को आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ मनाने का संदेश दिया।

फ्लैग मार्च टीम जुलूस के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। होली पर्व को लेकर निकलने वाले जुलूस के रूट के भ्रमण दौरान जिलाधिकारी ने कहा है कि जिन-जिन स्थानों पर बैरीकेटिंग का कार्य किया जा रहा है, उसे यथा शीघ्र पूर्ण कर लिया जाए।

उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिगत विघुत विभाग को निर्देश दिए है कि जिन स्थानों पर विघुत के पोल झुके है, उन्हें चिन्हित कर यथाशीघ्र ठीक किया जाए। साथ ही गड्ढा युक्त सड़कों को चिन्हित कर गड्ढा मुक्त किया जाए। उन्होंने कहा है कि जुलूस के रूट पर किसी प्रकार समस्या उत्पन्न नहीं होनी चाहिए अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा। नगर आयुक्त संतोष शर्मा, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, अपर जिलाधिकारी प्रशासन राम सेवक द्विवेदी उपस्थित रहे।